◆ जिस प्रकार सावधानी रख केवीटी और प्लॉक से करते हैं दांतों की सुरक्षा, इसी प्रकार सावधानी और जागरूकता करेगीं, डिजिटल लाइफ में साइबर अपराधों से रक्षा।

◆ गवर्मेन्ट डेंटल कॉलेज एम.जी.एम इंदौर के डॉक्टर्स ने, इंदौर पुलिस की क्लास में सीखे, साइबर क्राइम से बचने के टिप्स।

इंदौर पुलिस द्वारा साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने के लिये, इसके प्रति लोगों में जागरूकता लाने के उद्देश्य से लगातार विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी अनुक्रम में दिनांक 31.05.24 को अति. पुलिस उपायुक्त क्राइम इंदौर ने पुलिस टीम के साथ गवर्मेन्ट डेंटल कॉलेज एम.जी.एम इंदौर में पहुंचकर, वहां के डॉक्टर्स को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक किया।

सायबर अवेयरनेस के तहत गवर्मेन्ट डेंटल कॉलेज एम.जी.एम इंदौर में आयोजित कार्यक्रम में एडीशनल डीसीपी क्राइम श्री राजेश दंडोतिया ने, 233 वीं कार्यशाला मे 150 डॉक्टर्स को वर्तमान समय के साइबर अपराधों के प्रकारों और इनसे बचने के तरीकों को बताते हुए, उन्हें पुलिस के पास आने वाली साइबर अपराधों की शिकायतों की केस स्टडी के आधार पर, विभिन्न प्रकार के साइबर फ्रॉड, फाइनेंशियल फ्रॉड और सोशल मीडिया से संबंधित अपराधों की जानकारी दी और साइबर अपराध होने पर साइबर हेल्पलाइन-1930, वेब पोर्टल- cybercrime.gov.in तथा इंदौर पुलिस की साइबर हेल्पलाइन 7049124445 आदि पर किस प्रकार शिकायत करें तथा पुलिस इन पर किस प्रकार कार्यवाही करती है और साइबर अपराधों से बचने के लिए किन बातों का ध्यान रखें आदि के संबंध में, प्रैक्टिकली समझाया गया।

उन्होंने सभी डेंटिस्ट से कहा कि दांतों को स्वस्थ रखने के लिए जिस प्रकार सावधानी रख केवीटी और प्लॉक से करते हैं दांतों का बचाव, उसी प्रकार सावधानी और जागरूकता रख हम अपनी डिजिटल लाइफ में साइबर अपराधों से बचाव कर सकते हैं।

अतः मोबाइल, इंटरनेट, सोशल मीडिया आदि का उपयोग करने के समय पूर्ण सावधानी रखें और अपनी निजी जानकारी किसी भी अनजान व्यक्ति से शेयर ना करें।

इस अवसर पर संस्थान के स्टूडेंटस, सहित स्टाफ भी उपस्थित रहा, जिन्होनें भी साइबर सुरक्षा की इन महत्वपूर्ण सावधानियां को जाना और इंदौर पुलिस की इस मुहिम की प्रशंसा की।

इंदौर पुलिस द्वारा साइबर अपराधों के प्रति लोगों को जागरूक करने के इस अभियान के तहत, यदि कोई स्कूल/कॉलेज, संस्थान, इकाई, कॉलोनी आदि में भी साइबर अवेयरनेस की कार्यशाला आयोजित करना चाहता है या कोई जानकारी चाहता है तो वह इंदौर पुलिस के नंबर 7049108197 पर संपर्क कर सकता है।

GPS Map Camera
Indore,MP,India
Ushaganj, Indore, 452001, MP, India
Lat 22.711733, Long 75.881220
05/31/2024 01:41 PM GMT+05:30

GOVERNMENT COLLEGE OF DENTISTRY, INDORE
Lecture 1 On Cyber Crime Awareness
Lecture 2 On Women Safety At Workplace
Venue : 31 May 2024 - 12 PM To 2.30 PM Lecture Hall 1, Gdc, Indore